आज दिनांक 05-09-2020 को नियोजन समिति की बैठक निदेशक पशुपालन डा.के.के.जोशी की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के द्वारा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अधिशासी अधिकारी यू0एस0डब्लू0डी0बी0, संयुक्त निदेशक पशु कल्याण बोर्ड, समस्त संयुक्त निदेशक व पशु चिकित्सा अधिकारी ग्रेड-1,निदेशालय, यू0एल0डी0बी0, प्रभारी अधिकारी गो सेवा आयोग आदि द्वारा अपने कार्यालय कक्ष से प्रतिभाग किया गया। निदेशक महोदय द्वारा वर्तमान में संचालित विभागीय योजनाओं की वित्तीय व भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। समस्त अधिकारियों को लक्ष्यानुसार पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।